**बिहार सरकार**
**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग**

पत्रांक : –वि॰प्रा॰(III) व–9/2012– /पटना, दिनांक :

प्रेषक,

**ओम प्रकाश राय,**
अपर सचिव,

सेवा में,

**प्राचार्य,**
एम॰आई॰टी॰ मुजफ्फरपुर/बी॰सी॰ई॰ भागलपुर/ दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा/ गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया/मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय, मोतिहारी/लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा

विषय : वित्तीय वर्ष 2015–16 में आयोजना भिन्न बजट के ''मुख्य शीर्ष 2203–तकनीकी शिक्षा, उपमुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष–112–इंजिनियरी/तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, मांग संख्या–43, उपशीर्ष–0001, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम'' (विपत्र कोड–N2203001120001) के अधीन द्वितीय एवं अन्तिम किस्त का आवंटन।

महाशय,

निदेशानुसार, वित्तीय वर्ष 2015–16 में पूर्व निर्गत आवंटनादेश संख्या– 4(आ), दिनांक 21.05.2015 के क्रम में विषयांकित बजटशीर्ष के अधीन वेतन एवं भत्ते सहित अन्य विषयशीर्षों में उपबंधित राशि से दिनांक 31 मार्च 2016 तक नियमानुसार व्यय हेतु विभागान्तर्गत अभियंत्रण महाविद्यालयों यथा एम॰आई॰टी॰ मुजफ्फरपुर/बी॰सी॰ई॰ भागलपुर/दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा/ गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया/ मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय, मोतिहारी/लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा को द्वितीय एवं अंतिम किस्त के रूप में कुल रू॰ 16,91,98,000=00 (सोलह करोड़ इक्यानवे लाख अंठानवे हजार रूपये) मात्र का आवंटन संलग्न विवरणी के अनुसार प्रदान किया जाता है।

2. संबंधित महाविद्यालय (संस्थान) अपने नाम के स्तम्भ में अंकित विषयशीर्षवार आवंटित राशि की सीमा तक व्यय करेंगे।

3. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–2561 दिनांक 17.04.1998 एवं पत्रांक–396, दिनांक 24.04.2015 के आलोक में दिया जा रहा है। अतएव उक्त परिपत्रों तथा वित्त विभाग के अन्य सुसंगत परिपत्रों में निहित दिशा–निर्देशों का अनुपालन निकासी एवं व्ययन के पूर्व निश्चित रुप से किया जाय।

4. उक्त आवंटित राशि से न्यायालय से आच्छादित किसी भी तरह के मामलों का भुगतान तथा वित्त विभाग के पत्रांक–3429, दिनांक 01.04.2015 के आलोक में वर्ष 2014–15 में किए गए कार्यों तथा ली गई आपूर्तियों का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार किया जा सकेगा।

5. उक्त आवंटन में व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएँ विषयशीर्ष में आवंटित राशि से संस्थानों में डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के सृजित पद के विरूद्ध बेल्ट्रॉन द्वारा उपलब्ध कराये गये संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों को निर्धारित दर से मानदेय का भुगतान नियमानुसार किया जा सकेगा।

6. उक्त आवंटन में व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएँ विषयशीर्ष में आवंटित राशि से शिक्षकों एवं तकनीकी/प्रशासनिक सहायक कर्मियों के सृजित पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर अनुबंध के आधार पर विभाग द्वारा चयनित एवं कार्यरत शिक्षकों एवं तकनीकी/प्रशासनिक सहायक कर्मियों को अनुबंधित अवधि तक उनके द्वारा सम्पादित कार्यो के लिए निर्धारित दर से मानदेय का भुगतान नियमानुसार किया जा सकेगा।

7. उक्त आवंटन में व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएँ विषयशीर्ष में आवंटित राशि से अतिथि शिक्षकों, अनुदेशकों तथा प्रयोगशाला सहायकों का भुगतान नहीं किया जा सकेगा।

8. उक्त आवंटित राशि से नियमित वेतन एवं भत्ते के भुगतान के उपरान्त राशि शेष रहने पर अन्य बकाये वेतन एवं भत्ते का भुगतान नियमानुसार किया जा सकेगा।

9. उक्त आवंटित राशि से दूसरे विषयशीर्षों में अपवर्तन कदापि नहीं किया जाय। यदि किसी विषयशीर्ष में राशि का व्यय संभावित नहीं हो तो उक्त विषयशीर्ष में आवंटित राशि का यथाशीघ्र सकारण प्रत्यर्पण कर विभाग को वापस लौटा दिया जाय।

10. यदि किसी विषयशीर्ष में अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हो तो पूर्ण एवं विस्तृत औचित्य के साथ राशि की मॉग हेतु अनुरोध किया जाय।

11. विभिन्न विषयशीर्षो मे राशि की निकासी हेतु विपत्रों के उपस्थापन के क्रम में कृपया यह सुनिश्चित किया जाय कि विपत्रों पर समुचित आयोजना भिन्न, कोड संख्या सहित शीर्षों का नाम, मॉग संख्या, विपत्र कोड तथा कुट संख्या सहित विषयशीर्षों के नाम का सुस्पष्ट उल्लेख रहे ताकि महालेखाकार, बिहार, पटना के कार्यालय में विपत्रों के पोस्टिंग में सुविधा हो सके।

12. स्वीकृत्यादेश/आवंटनादेश तथा विपत्रों में कोड संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करने के संबंध में वित्त विभाग के पूर्व प्रेषित पत्रांक 280/वि. दिनांक 29.03.2003 में अंकित दिशा–निर्देश का अक्षरशः अनुपालन किया जाय।

13. व्यय विवरणी टी.भी. नं. एवं तिथि सहित प्रत्येक माह के 7(सात) तारीख तक महालेखाकार, बिहार, पटना तथा अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रुप से उपलब्ध कराया जाय।

14. इसमें प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

अनुलग्नक : यथावर्णित।
1(एक) पृष्ठ में।

विश्वासभाजन

ह0/–

**(ओम प्रकाश राय)**
अपर सचिव

ज्ञापांक : वि॰प्रा॰(III) व–9/2012– /पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : प्रधान महालेखाकार, बिहार, पटना/महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰), बिहार, पटना/ वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक : यथावर्णित।
1(एक) पृष्ठ में।

ह0/–
अपर सचिव

ज्ञापांक : वि॰प्रा॰(III) व–9/2012– /पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, राजकीय कोषागार, मुजफ्फरपुर/भागलपुर/दरभंगा/गया/मोतिहारी/सारण (छपरा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक : यथावर्णित।
1(एक) पृष्ठ में।

ह0/–
अपर सचिव

ज्ञापांक : वि॰प्रा॰(III) व–9/2012– /पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि : प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग (लि॰) कं॰, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना / उप निदेशक (यो॰)/प्रशाखा पदाधिकारी–3/ एक अतिरिक्त प्रति गार्ड फाईल में संधारण हेतु (निर्गत शाखा), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक : यथावर्णित।
1(एक) पृष्ठ में।

ह0/–
अपर सचिव

ज्ञापांक : वि॰प्रा॰(III) व–9/2012– 22(आ) /पटना, दिनांक : 30/7/2015

प्रतिलिपि : श्री संजय कुमार, आई॰टी॰ मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को वित्त विभाग के पत्रांक–3432, दिनांक 01.04.2015 के आलोक में कार्रवाई तथा संबंधित संस्थानों को ई–मेल एवं विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक : यथावर्णित।
1(एक) पृष्ठ में।

30/7/15

अपर सचिव

**बिहार सरकार**

**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग**

वित्तीय वर्ष 2015–16 में आयोजना भिन्न बजट के मुख्यशीर्ष–2203–तकनीकी शिक्षा, उपमुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष–112–इंजीनियरिंग/तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, उपशीर्ष–0001–स्नात्तक और स्नात्तकोत्तर पाठ्यक्रम के अधीन विभागान्तर्गत अभियंत्रण महाविद्यालयों को वेतन एवं भत्ते तथा अन्य विषयशीर्षों में 31 मार्च 2016 तक नियमानुसार व्यय हेतु द्वितीय एवं अंतिम किस्त के आवंटन की विवरणीः–

मांग संख्या–43 विपत्र कोड– एन 2203001120001

(राशि रूपये में)

| विषय शीर्ष | एम॰आई॰टी॰ मुजफ्फरपुर | बी॰सी॰ई॰ भागलपुर | मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय मोतिहारी | दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय दरभंगा | गया अभियंत्रण महाविद्यालय गया | लोकनायक जयप्रकाश प्रौ॰ संस्थान, छपरा | द्वितीय एवं अंतिम किस्त में आवंटित कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** |
| 0101 वेतन | 26508000 | 16535000 | 4800000 | 4764000 | 4800000 | 3600000 | 61007000 |
| 0102 विशेष वेतन | 24000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 24000 |
| 0103 जीवन यापन भत्ता | 32656000 | 19198000 | 5700000 | 5840000 | 5540000 | 3928000 | 72862000 |
| 0104 मकान किराया भत्ता | 2078000 | 648000 | 478000 | 499000 | 480000 | 163000 | 4346000 |
| 0106 चिकित्सा भत्ता | 171000 | 158000 | 31000 | 24000 | 25000 | 20000 | 429000 |
| 0107 अन्य भत्ता | 33000 | 13000 | 3000 | 2000 | 0 | 5000 | 56000 |
| **योगः–वेतन एवं भत्ते** | **61470000** | **36552000** | **11012000** | **11129000** | **10845000** | **7716000** | **138724000** |
| 1101 यात्रा व्यय | 15000 | 30000 | 15000 | 15000 | 12000 | 13000 | 100000 |
| 1301 कार्यालय व्यय | 100000 | 133000 | 83000 | 50000 | 83000 | 85000 | 534000 |
| 1302 वाहन का इंधन एवं रखरखाव | 50000 | 67000 | 50000 | 0 | 50000 | 0 | 217000 |
| 1303 दूरभाष | 25000 | 18000 | 15000 | 5000 | 5000 | 15000 | 83000 |
| 1304 विधुत प्रभार | 4000000 | 1667000 | 500000 | 1000000 | 400000 | 1500000 | 9067000 |
| 1306 वर्दी/पोशाक | 40000 | 33000 | 10000 | 7000 | 0 | 10000 | 100000 |
| 1401 किराया महसूल एवं कर | 1667000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1667000 |
| 20 03 प्रशिक्षण व्यय | 162000 | 33000 | 0 | 0 | 0 | 150000 | 345000 |
| 2101 सामग्री एवं पूर्तियॉ | 100000 | 133000 | 87000 | 50000 | 80000 | 84000 | 534000 |
| 2702 अनुरक्षण एवं मरम्मत | 70000 | 63000 | 50000 | 50000 | 50000 | 50000 | 333000 |
| 2801 व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएं | 3200000 | 3896000 | 2500000 | 3398000 | 1500000 | 3000000 | 17494000 |
| **कुल योग** | **70899000** | **42625000** | **14322000** | **15704000** | **13025000** | **12623000** | **169198000** |
| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |

(क) सात करोड़ आठ लाख निन्यानवे हजार रूपये मात्र।

(ख) चार करोड़ छब्बीस लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र।

(ग) एक करोड़ तेतालीस लाख बाईस हजार रूपये मात्र।

(घ) एक करोड़ सन्तावन लाख चार हजार रूपये मात्र।

(ङ) एक करोड़ तीस लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र।

(च) एक करोड़ छब्बीस लाख तेईस हजार रूपये मात्र।

(छ) सोलह करोड़ इक्यानवे लाख अंठानवे हजार रूपये मात्र।

अपर सचिव

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

बिहार, पटना

30/7/15